दिन– मंगलवार दिनांक– 17 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्र सरकार ने बिहार को आकांक्षी जिला और प्रखंड कार्यक्रम के तहत अब तक एक सौ पैंसठ करोड़ रूपये की राशि जारी की।

02. प्रवर्तन निदेशालय ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस और उनके करीबियों की लगभग चौबीस करोड़ रूपये मूल्य की सम्पत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया।

03. श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके आज बोधगया में। महाबोधि मंदिर में करेंगे पूजा–अर्चना।

04. और, औरंगाबाद जिले के नक्सल प्रभावित पचरूखिया जंगल में सीआरपीएफ के सर्च अभियान के दौरान तीन शक्तिशाली कमांड आईईडी बम बरामद किये गये।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने बिहार को आकांक्षी जिला और प्रखंड कार्यक्रम के तहत अब तक एक सौ पैंसठ करोड़ रूपये की राशि जारी की है। राज्यसभा में भाजपा सांसद भीम सिंह के एक प्रश्न के उत्तर में सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस आशय की जानकारी दी। आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत राज्य को तीन वर्षों में एक सौ अट्ठावन करोड़ संतानवे लाख रूपये मिले हैं। इसके अलावा आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत सात करोड़ उनतीस लाख रूपये की राशि जारी की गयी है।

————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय ने धनशोधन मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजीव हंस और उनके निकट सहयोगियों की तेईस करोड़ बहत्तर लाख रूपये मूल्य की सम्पत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नागपुर में तीन भू–खंड, दिल्ली स्थित एक फ्लैट और जयपुर स्थित तीन फ्लैट जब्त किये गये हैं। इधर, पटना स्थित विशेष अदालत में ईडी ने संजीव हंस, पूर्व विधायक गुलाब यादव, पुष्प राज, सदाब और तीन कम्पनियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है।

————————————————————

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके आज बोधगया में महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के आगमन को लेकर बोधगया में व्यापक प्रबंध किये गये हैं। दिन के दस बजे उनका महाबोधि मंदिर में पूजा–अर्चना करने का कार्यक्रम है। अपने दो घंटे के प्रवास के दौरान श्री दिसानायके श्रीलंका मंदिर भी जायेंगे। गया के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस. एम. ने बताया कि आज सुबह आठ बजकर चालीस मिनट से महाबोधि मंदिर में आम श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित है। सुबह दस बजकर पंद्रह मिनट के बाद ही श्रद्धालु मंदिर में पूजा–अर्चना कर सकेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले के नक्सल प्रभावित मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरूखिया जंगल में सीआरपीएफ के सर्च अभियान के दौरान तीन शक्तिशाली कमांड आईईडी बम बरामद किये गये। और ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

———बाईट———

सीआरपीएक की कोबरा टीम ने पचरूखिया जंगल के लडुइया पहाड़ पर चलाये गये सर्च अभियान के दौरान तीन शक्तिशाली सक्रिय आईईडी बम बरामद किये। एएसपी अभियान, देवेश कुमार मिश्र ने बताया कि सभी बम का वजन चार से पांच किलो था। सुरक्षा के लिहाज से सभी बम को पहाड़ पर ही डिफ्यूज कर दिया गया। बम इतने शक्तिशाली थे कि डिफ्जूज करने के दौरान बड़े चट्टान उड़ गये। आकाशवाणी समाचार के लिए औरंगाबाद से कमल किशोर।

———————————————————————

प्रदेश में पचास नये निबंधन कार्यालयों में ई–निबंधन की सेवा शुरू हो गयी है। इसके साथ ही राज्य के सभी एक सौ सैंतीस निबंधन कार्यालय में ई–निबंधन की सेवा शुरू हो गयी है। इस सेवा के शुरू होने से अब जमीन, फ्लैट और विवाह निबंधन के कागजात ऑनलाईन उपलब्ध होंगे।

———————————————————————

राज्य निवेश प्रोत्साहन पर्षद ने बावन औद्योगिक इकाईयों को प्रथम चरण की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की है। पर्षद की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इन इकाईयों के माध्यम से राज्य में अट्ठाईस हजार आठ सौ इक्यासी करोड़ रूपये से अधिक का निवेश होना है। वहीं, पैंतीस औद्योगिक इकाईयों को छह सौ नौ करोड़ रूपये से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी।

———————————————————————

नागरिकता संशोधन अधिनियम, सीएए की अधिसूचना जारी होने के बाद भोजपुर जिले से डाक विभाग को पहला आवेदन मिला है। बिहार सर्किल के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अनिल कुमार ने आरा में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवेदन की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद इस विषय में विस्तृत जानकारी दी जायेगी।

———————————————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश के कुछ हिस्सों में लोगों को हो रहे अज्ञात बुखार की जांच के लिए एक समिति का गठन किया है। इस बुखार के लक्षण डेंगू और चिकनगुनिया से मिलते–जुलते हैं, लेकिन जांच में इसकी पुष्टि नहीं होती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गठित तीन सदस्यीय समिति का अध्यक्ष स्वास्थ्य सेवाओं के अपर निदेशक डॉक्टर अशोक कुमार को बनाया गया है।

————————————————————

जमुई के नागी और नकटी जलाशय के विकास के लिए जल संसाधन विभाग ने चौबीस करोड़ पचास लाख रूपये जारी किये हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार नागी जलाशय के विकास पर चौदह करोड़ पचास लाख रूपये और नकटी जलाशय के विकास पर दस करोड़ रूपये खर्च किये जायेंगे।

————————————————————

जम्मू कश्मीर के राजौरी सेक्टर में तैनात भारतीय सेना के हवलदार मनीष तिवारी आतंकी हमले में शहीद हो गये। वे गोपालगंज जिले के भोरे के रहने वाले थे। मनीष तिवारी भारतीय थल सेना के एयर डिफेंस यूनिट में तैनात थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ड्यूटी कर यूनिट की तरफ लौटने के दौरान पहले से घात लगाये आतंकियों ने उन पर हमला कर दिया। शहीद जवान का पार्थिव शरीर आज गोपालगंज पहुंचने की सम्भावना है।

————————————————————

एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित दो विधेयक आज लोकसभा में पेश किए जाएंगे। केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल सदन में संविधान (129वां संशोधन) विधेयक और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक पेश करेंगे। दोनों विधेयकों को सदन की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया गया है। हाल ही में सरकार ने देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर विचार के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार किया है। एक बार जब यह कानून बन जाएगा, तो इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा। पहले चरण में, लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे और पंचायत जैसे स्थानीय निकाय चुनाव, आम चुनाव के सौ दिनों के भीतर कराए जाएंगे। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी ने अपने सभी लोकसभा सांसदों को आज सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है।

————————————————————

राज्यसभा में संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर विशेष चर्चा आज भी जारी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सदन में चर्चा का जवाब देंगे।

————————————————————

केन्द्र सरकार ने ई–एनडब्ल्यूआर आधारित प्रतिज्ञा वित्तपोषण के लिए ऋण गारंटी योजना शुरू की है। इस योजना के तहत, किसान अब अपनी उपज के माध्यम से ऋण प्राप्त कर सकेंगे। किसानों को भण्डारण विकास और विनियमन प्राधिकरण के साथ पंजीकृत गोदामों में अपनी उपज जमा करने के बाद, एक इलेक्ट्रॉनिक नेगोशिएबल वेयरहाउस रसीद जारी की जाएगी। इस रसीद का उपयोग बैंकों और अन्य ऋण देने वाली संस्थाओं से कम ब्याज दर वाले ऋण प्राप्त करने के लिए डिफ़ॉल्ट के खिलाफ गारंटी के रूप में किया जा सकता है।

————————————————————————

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद–एनसीईआरटी ने देश भर में एनसीईआरटी प्रकाशनों की सस्ती और निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि इससे विद्यार्थियों को विशेषकर टियर–टू और टियर–थ्री शहरों में एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकें आसानी से सुलभ होंगी।

————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने शिक्षक नियुक्ति परीक्षा के तीसरे चरण का परिणाम जारी कर दिया है। इस चरण के तहत नौवीं और दसवीं कक्षा के शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पन्द्रह विषयों की परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा में कुल पन्द्रह हजार दो सौ पचास अभ्यर्थी सफल हुये हैं। सबसे अधिक तीन हजार चार सौ तेईस अभ्यर्थियों को विज्ञान विषय में सफलता मिली है।

————————————————————————

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने कहा है कि रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा पटना के आराध्या परीक्षा केन्द्र पर आयोजित आरआरबी की प्रथम पाली की परीक्षा पुनः आयोजित की जायेगी। गौरतलब है कि इस सेंटर पर प्रथम पाली की परीक्षा निर्धारित समय से एक घंटा देरी से शुरू हुई थी, जिसका अभ्यर्थियों ने विरोध किया था।

————————————————————————

बिहार लोक प्रशासन और ग्रामीण विकास संस्थान की ओर से बिहार विजन डॉक्यूमेंट दो हजार सैंतालीस तैयार किया जा रहा है। इस संबंध में कल पटना में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। बिपार्ड के महानिदेशक के.के. पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगले वर्ष छब्बीस जनवरी को इस डॉक्यूमेंट को जारी करेंगे। श्री पाठक ने कहा कि यह डॉक्यूमेंट बिहार के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक परिवर्तनकारी रोडमैप के रूप में कार्य करेगा।

————————————————————

पूरबा हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकांश स्थानों के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। हालांकि राज्य के दक्षिणी भागों में कुछ जगहों पर भीषण ठंड की स्थिति बनी हुई है। रोहतास जिले के डेहरी में कल शीतलहर की स्थिति बनी रही। यहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतर भागों में रात के तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

———बाईट———

————————————————————

कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर में एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार तीन युवकों की मौत हो गयी। ये तीनों आपस में चचेरे भाई थे।

————————————————————

सारण जिले के तरैया थाना क्षेत्र के नेवारी गांव से पुलिस ने एक हाईवा और कार से छह हजार लीटर से अधिक स्प्रीट बरामद की है। मौके से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया।

————————————————————

दरभंगा जिले के सिमरी थाना की डायल एक सौ बारह की एक गाड़ी गश्ती के दौरान अनियंत्रित होकर पानी भरे गड्ढे में पलट गई। हादसे में एक सिपाही शेखर पासवान की मौत हो गयी।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पटना के एक केन्द्र पर बीपीएससी की पीटी रद्द होने और परीक्षा माफिया पर सरकार की ओर से की जा रही कार्रवाई की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– पटना के बापू परीक्षा केंद्र परिसर में हुई बीपीएससी की पी टी रद्द।

दैनिक जागरण लिखता है– पेपर लीक के संगठित गिरोह का बना डेटाबेस, दोषी रिश्तेदार भी जाएंगे जेल।

प्रभात खबर ने लिखा है– परीक्षा माफिया संजीव मुखिया की गिरफ्तारी पर रोक हटी। जब्त होगी संपत्ति।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है –दिव्यांगता कोटे से खूब फर्जी नियोजन, हाथ में गड़बड़ी और श्रवण बाधित कोटे में बहाली।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– लोकसभा में गूंजा बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा। आज अखबार लिखता है– मणिपुर में बिहार के दो मजदूरों की हत्या मामले में सात संदिग्ध पकड़ाए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्र सरकार ने बिहार को आकांक्षी जिला और प्रखंड कार्यक्रम के तहत अब तक एक सौ पैंसठ करोड़ रूपये की राशि जारी की।

02. प्रवर्तन निदेशालय ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस और उनके करीबियों की लगभग चौबीस करोड़ रूपये मूल्य की सम्पत्ति को अस्थायी रूप से जब्त किया।

03. श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके आज बोधगया में। महाबोधि मंदिर में करेंगे पूजा–अर्चना।

04. और, औरंगाबाद जिले के नक्सल प्रभावित पचरूखिया जंगल में सीआरपीएफ के सर्च अभियान के दौरान तीन शक्तिशाली कमांड आईईडी बम बरामद किये गये।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।